हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 29 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 21.5 डिग्री
न्यूनतम 3.1 डिग्री

12 5वीं तक स्कूल होने पर पूर्व मंत्री शर्मा ने ...



12 नगरपालिका व बीडीपीओ ऑफिस के शौचालय बदहाल



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से सब्जी विक्रेता की मौत

**पानीपत।** पानीपत में सब्जी विक्रेता चंदन शर्मा मूल निवासी गांव किशनपुर, जिला सहरसा, बिहार हाल निवासी विकास नगर पानीपत की बोलेरो की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं मृतक के भाई सुरेन शर्मा की शिकायत पर कृष्णपुरा पुलिस चौकी ने बोलेरो के अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी के साथ छेड़छाड़ दो भाइयों के खिलाफ केस

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया है। शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 12 वर्षीय लड़की शहर में किसी काम से जा रही थी। रास्ते में मनीष कुमार व उसके भाई सतनाम कुमार ने उसकी लड़की को रास्ते में रोक लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। उसकी लड़की के विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

### देशी कट्टा सहित आरोपी को पुलिस ने किया काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र के बब्याल एरिया से सीआईए-1 ने आरोपी गोपाल को अवैध देशी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी गोपाल शमशान घाट बब्याल के पास किसी से मिलने के लिए खडा हुआ है। उसके पास अवैध हथियार है। सूचना के तुरंत बाद ही पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू कर लिया। इसके बाद तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध देशी कट्टा भी जब्त किया।

### पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

अंबाला। थाना महेशनगर क्षेत्र में चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी राजकुमार उर्फ पाया व आरोपी नानू उर्फ चेतन को गिरफ्तार किया है। पीडित महिला ने 27 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसके उसके घर से कीमती सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों का काबू किया। उनके कब्जे से चोरीशुदा समान भी जब्त किया गया है।

### ठगी के मामले में महिला काबू

अंबाला। थाना अंबाला शहर में दर्ज नकली सोने को असली बताकर बैंक से धोखाधडी करने के मामले में पुलिस ने एक महिला को काबू किया है। अदालत के आदेश पर पुलिस ने महिला को रिहा कर दिया है। दरअसल नकली सोने को असली बताकर उस पर गोल्ड लोन जारी करने वाले वैल्यूअर के खिलाफ पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज किया था।

# संतों की बात का अनुसरण करके जीवन में ला सकते हैं बड़ा बदलाव: मनोहर लाल

## मुख्यमंत्री ने करनाल के बांसो गेट स्थित संत शिरोमणि श्री दुर्बलनाथ महाराज की मूर्ति का किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज करनाल के बांसो गेट स्थित चौंक पर संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री दुर्बलनाथ महाराज की मूर्ति का अनावरण किया और समाज के लोगों को शुभकामनाएं व बधाई दी।

■ समाज में वर्षों से ही संत महापुरूषों का अपना श्रेष्ठ स्थान

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब संतों की बात का अनुसरण करके अपने जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं और एक अच्छा इंसान बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में वर्षों से ही संत महापुरुषों का अपना श्रेष्ठ स्थान है। संत महापुरूषों द्वारा हमेशा समाज को नई दिशा दिखाने का कार्य किया गया है, इन्हीं संतों में संत शिरोमणि श्री दुर्बलनाथ महाराज का नाम भी शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत महापुरुष अच्छे रास्ते पर चलने की प्रेरणा प्राचीन काल से ही आमजन को देते आ रहे हैं। असहाय की सहायता करना, महिलाओं की रक्षा करना, ऐसी शिक्षा संत महापुरूष देते आ रहे हैं। उन्होंने आमजन से भी अह्वान किया कि हम सबको नस्विार्थ भावना से बिना फल की इच्छा करते हुए कर्म करते रहना चाहिए, यही पवित्र गीता का संदेश है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कुछ लोग जीवन का रास्ता भटक कर स्वार्थ भावना से अभिभूत हो जाते हैं, जिस कारण उनका जीवन कठिन हो जाता है। संत महापुरूषों का रास्ता चुनकर ही हम अपने जीवन को सुलभ बना सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सभी समाजों व सभी धर्मों के संत महापुरुषों को सम्मान देने के लिए संत महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रचार-प्रसार योजना शुरू की है। इस योजना के माध्यम से ही प्रदेश सरकार सभी संत महापुरुषों की जयंतियां प्रदेश स्तर पर मना रही है।





मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल के बांसो गेट स्थित चौक पर संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री दुर्बलनाथ महाराज की मूर्ति का अनावरण करने के उपरांत नमन करते व समारोह को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, हरियाणा एससी आयोग के उपाध्यक्ष विजेन्द्र बडगुज्जर, भाजपा के जिला महामंत्री राजबीर शर्मा व सुनील गोयल, कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, पूर्व पार्षद विकास तंवर, खटीक समाज के प्रधान हरीश, राजकुमार तंवर, विजेन्द्र, नर्मिल तंवर, संत दुर्बल नाथ शिक्षा समिति रजि० खटीक समाज हरियाणा के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बडगुज्जर व खटीक समाज की विभन्नि संस्थाओं के पदाधिकारी तथा प्रशासन की ओर से उपायुक्त अनीश यादव, एसपी शंशाक कुमार सावन, नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा, अतिरक्ति उपायुक्त डॉ वैशाली शर्मा, एसडीएम घरौंडा अदिति मौजूद रही।

# शादी का झांसा देकर युवती के साथ बनाए शारीरिक संबंध

## गर्भवती होने पर युवक ने की शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की एक कॉलोनी निवासी युवती के साथ एक युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती गर्भवती हो गई तो आरोपी युवक ने उसके साथ शादी कर ली। बाद में युवती का जबरदस्ती गर्भपात करवाकर उसे फिर से घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर चार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

■ बाद में युवक ने गर्भपात करवाकर युवती को घर से निकाला

जानकारी के अनुसार शहर के एक कॉलोनी निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके घर के पड़ोस में साहिल अपने परिवार के साथ रहता था। जिसके बाद आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फसा लिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जिससे वह गर्भवती हो गई। जब उसने आरोपी से शादी करने के लिए कहा कि तो आरोपी ने उससे शादी करने से मना कर दिया। आरोपी शादी से पहले गर्भपात करवाने के लिए कहने लगा।

मगर जब वह नहीं मानी तो आरोपी ने उसके साथ शादी कर ली। शादी के बाद आरोपी ने उसके परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर उसे जबरदस्ती गर्भपात की दवाई खिला दी। जिससे उसका गर्भपात हो गया।

### पुलिस अधीक्षक को आरोपियों के खिलाफ की शिकायत

युवती ने आरोप लगाया कि इसके बाद आरोपी उसे फिर से परेशान करने लगा। एक दिन आरोपी उसे उसके मायके में छोड़कर चला गया। मगर उसके बाद उसे लेने के लिए नहीं आया। आरोपी को फोन नंबर भी बंद आ रहा है। परेशान होकर युवती ने पुलिस अधीक्षक को आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस अधीक्षक ने युवती को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# हरियाणा में सिक्खों की सेवा में खट्टर पुस्तक का विमोचन 31 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के अतिरिक्त निदेशक डा. कुलदीप सैनी ने कहा कि हरियाणा में सिक्खों की सेवा में खट्टर पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम का आयोजन 31 जनवरी को होगा। यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विवि के सभागार में सुबह 11 बजे होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगें। अतिरिक्त निदेशक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सिक्ख समाज के लिए अनेकों कार्य किए हैं। इस समाज के लोगों को तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने, समाज के लोगों का मान सम्मान करने तथा सिक्ख समाज के लोगों के विकास के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कार्य किए है। इस समाज के लिए किए गए कार्यो को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर हरियाणा में सिक्खों की सेवा में खट्टर पुस्तक को लिखा है।

■ मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे पुस्तक का विमोचन,

इस पुस्तक का विमोचन करने के लिए स्वयं मुख्यमंत्री मनोहर लाल पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियां चल रही है।

# करनाल में हुआ महिला सशक्तिकरण सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका, उनकी स्थानीय समस्या, स्थिति एवं समाधान को लेकर करनाल के सेक्टर 14 स्थित कृष्णा मंदिर में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें करनाल, कुरुक्षेत्र और कैथल जिले की करीब 2 हजार महिलाओं ने भागीदारी की।

■ संवर्धिनी समागम में तीन जिलों की महिलाओं ने लिया भाग



संवर्धिनी समागम में भाग लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

संवर्धिनी समागम के नाम से आयोजित सम्मेलन की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी बेला भाटिया ने की जबकि भारतीय वॉलीबॉल टीम की कप्तान निर्मल तंवर और करनाल महिला थाना की प्रबंधक पवना देवी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। महिला समन्वय कार्यक्रम की विभाग संयोजिका सीमा गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज और देश के विकास में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाना और महिलाओं के प्रति जो भारतीय दृष्टि है, उसे समाज के निचले स्तर तक पहुंचाना है। कार्यक्रम की अध्यक्ष बेला भाटिया ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में नारी को सदैव सम्मान दिया गया है। दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो मनु शर्मा कटारिया ने कहा कि महिलाएं स्वयं ऊर्जावान हैं, बस उन्हें केवल अवसर देने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि भारतीय वॉलीबॉल टीम की कप्तान निर्मल तंवर भाटी ने कहा कि महिलाओं को सर्वप्रथम अपनी सामर्थ्य व क्षमता को पहचानना है तथा सही दिशा में अग्रसर होना है।

# अंकल ने किया भतीजी से दुष्कर्म, गर्भ ठहरने पर करवाया गर्भपात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मुहंबोले चाचा ने भतीजी को अपनी हवस का शिकार बनाया है। पीड़िता आरोपी अंकल की पत्नी के पास ब्यूटी पार्लर का काम सीखती थी। आरोपी अंकल को पीड़िता के लव अफेयर की भनक लगी और उसने उसका फायदा उठाया। पीड़िता को ब्लैकमेल किया और उसके साथ जबरदस्ती की। दुष्कर्म के कारण पीड़िता गर्भवती हो गई। आरोपी अंकल ने पीडिता का गर्भपात करवा दिया। अंकल की हवस यही तक सीमित नहीं हुई, उसने फिर पीड़िता को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया लेकिन इस बार युवती आरोपी के पास नहीं गई। जिससे गुस्साए आरोपी ने किसी पुलिस वाले से युवती के घर वालों को ऑबोर्शन के नाम पर ब्लैकमेल करवाया। जब युवती ने अपने परिवार को आप बीती बताई तो उन्होंने मामले की शिकायत सेक्टर 32-33 पुलिस थाने में कर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के के अनुसार पीड़िता करनाल के सेक्टर 32-33 थाना एरिया की है। वह आरोपी की पत्नी के पास ही ब्यूटी पार्लर का काम सीखती थी। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह एक युवक से प्यार करती थी और उसके साथ रिलेशन में है। इसका पता ब्यूटी पार्लर वाली के पति को चल गया। वह उसके पति को अंकल बोलती है। आरोपी अंकल को किसी तरह से उसके लव अफेयर के बारे में पता चल गया था। वह इसका फायदा उठाने लगा। उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने धमकी दी कि अगर तुने इसके बारे में किसी को भी कुछ बताया तो वह उसके लव अफेयर के बारे में उसके परिजनों को बता देगा। जिसके बाद वह सहम गई और किसी को कुछ भी नहीं बता सकी।

■ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया, आरोपी गिरफ्त से बाहर

### युवती के लवर पर फोड़ना चाहा ठिकरा

पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि गर्भ ठहरने की बात उसने अंकल को बताया। अंकल बोले कि तु घबरा मत। तब उन्होंने उसे कुछ दवाई खिलाई, लेकिन उसके बावजूद भी पीरियड नहीं हुए। अंकल ने कहा कि तु अपने घर वालों का नाम न लेकर अपने लवर का नाम बता देना, बाकी मैं खुद संभाल लुंगा। पीड़िता ने बताया है कि अंकल ने खुद ही उसके घर वालों को बता दिया। जिसके बाद उसे घर वाले अंकल के सामने हाथ पैर जोड़ने लगे और इस मुसीबत से बचाने की गुहार लगाई। अंकल ने अपने किसी परिचित से मिलकर उसका गर्भपात करवा दिया। गर्भपात के दो-तीन दिन बाद वह घर लौट आई थी। उसने ब्यूटी पार्लर पर काम सीखने के लिए जाना बंद कर दिया।

### फिर आया कॉल और खिसकी जमीन

पीड़िता ने बताया कि उसके घरवालों को किसी पुलिस वाले का कॉल आया। जिसने कहा कि तुम लोगों ने अपनी बेटी का गर्भपात करवाया है और चंडीगढ़ कार्यालय में पेश होकर अपने ब्यान दो। पूरा परिवार डर गया। उसके पिता फिर अंकल के पास पहुंच गए। अंकल ने कहा कि मैं पुलिस वाले से बात करता हूं। उसने पुलिस वाले से बातचीत की। पुलिस वाले से ढाई लाख में सेंटिंग हुई। पीड़िता के पिता ने अंकल को कहा कि वह गरीब है और इतना पैसा उसके पास नहीं है। पीड़िता की मां ने सोने की चैन गिरवी रखकर 60 हजार का इंतजाम कर लिया। पीड़िता ने बताया कि उसकी मां उसे कोसने लगी थी और जहर खाने की बात कहने लगी। जिससे वह घबरा गई और उसने अपने मामा को सारी बात बता दी। जिसके बाद उसके मामा करनाल आए और पूरे मामले की शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# इग्नू में एडमिशन की अंतिम तिथि 31 जनवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा धर्म पाल के निर्देशानुसार, इग्नू लर्निंग सपोर्ट सेंटर 1075 गुरु नानक खालसा कालेज के कॉर्डिनेटर, डा० देवी भूषण ने जानकारी देते हुए बताया की इग्नू यूनीवर्सिटी में ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग से जनवरी 2024 सेशन के लिए एडमिशन की अंतिम तिथि 31 जनवरी है जो विद्यार्थी एडमिशन लेना चाहते हैं वो 31जनवरी से पहले एडमिशन ले सकते है 1 उन्होंने आगे बताया की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) नेक से ए ++ ग्रेड यूनिवर्सिट है। इग्नू में एडमिशन के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते है। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई सत्र के लिए । जनवरी 2023 सत्र की एडमिशन प्रक्रिया अभी जारी है। जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते है उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है । इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है । इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। ऐसे विद्यार्थी जिनको मेरिट के चलते कॉलेज में ऐडमिशन नहीं मिला हो या किसी भी कारण से वो रेगुलर कॉलेज और विश्विद्यालय में नहीं जा सकते तो ऐसे विद्यार्थी आसनी इग्नू से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं।

### साइबर ठगों ने अकाउंट से निकाले 10 हजार रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने कैंप निवासी शिवांश सुनेजा के मोबाइल पर लिंक भेजकर उसके अकाउंट से 10 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिवांश सुनेजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मोबाइल पर 21 सितंबर 2022 को एक मैसेज आया। उसने उस पर आए लिंक को खोला तो उसमें बैंक की डिटेल मांगी गई थी। उसने लिंक पर बैंक संबंधी डिटेल भर गई। इसके बाद उसके खाते से पहले पांच रुपये कटे। बाद में अकाउंट से 10 हजार रुपये और कट गए। जब उसके मोबाइल पर अकाउंट से पैसे निकलने का मैसेज आया तो उसने अपने साथ हुई ठगी का पता चला।

**समस्या** | फसलों को बचाने के लिए कई गांवों के किसान रात भर कर रहे हैं पहरेदारी

# फसलों के लिए संकट बने बेसहारा पशु, हादसों की भी बन रहे हैं वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

बेसहारा पशु किसानों के लिए मुसीबत बन गए हैं। इन पशुओं की वजह से न केवल फसलों को नुकसान हो रहा है बल्कि सड़कों पर हादसे भी बढ़ रहे हैं। इन पशुओं को पकड़ने में प्रशासन पूरी तरह फेल हो गया है। किसानों की मानें तो पशुओं ने उनकी फसलों को तबाह करके रख दिया है। कड़कड़ाती सर्द रातों में किसानों को अपनी फसलों को पशुओं से बचाने के लिए पहरेदारी करनी पड़ रही है। पशु बाजारों में घुसकर दुकानदारों को परेशान करते हैं। बीच सड़क पर बैठकर रास्ते को पूरी तरह से अवरूद्ध कर देते हैं। कई पशु तो लोगों को टक्कर मारकर मौत के घाट उतार चुके हैं। इनकी वजह से होने वाले हादसों में जख्मी लोगों की संख्या तो बेहद ज्यादा है।

■ कई पंचायतों से पशुओं को पकड़ने का शुरू किया अभियान





गांव में घूमने वाले पशुओं को पकड़कर नंदीशाला ले जाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### नंदीशाला ने पशुओं को लेने से किया मना

बेसहारा पशुओं की बढ़ती तदाद से टंगैल गांव स्थित नंदीशाला फुल हो चुकी है। नंदीशाला में पहले से ही क्षमता से अधिक पशु है। पिछले दिनों सूखे चारे की भयंकर समस्या से जूझ रही नंदीशाला ने साफ कर दिया कि अब वह और पशु नहीं लेगी। नंदीशाला के सचिव भूपेंद्र ने कहा कि प्रतिदिन गांवों के लोग बेसहारा पशुओं को लेकर नंदीशाला पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि अब और पशु लेना उन के लिए मुश्किल है। जिन ग्राम पंचायतों का नंदीशाला के संचालन में सहयोग मिलता है उन गांवों के बेसहारा पशु लेना उनकी मजबूरी बन जाता है।

खेतों को चरते पशुओं को पकड़ने के लिए गांव धनौरा में ग्राम पंचायत ने पशु पकड़ों अभियान चलाया । इससे ग्रामीणों को पशुओं के आतंक से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। सरपंच प्रतिनिधि देवद्रिं बैनीवाल ने बताया कि पिछले कुछ समय से गांव में पशुओं की संख्या में बढ़ौतरी हो रही थी। जोकि गांव में झुंड में घुमते थे। ग्रामीण भी इस समस्या से निजात की मांग कर रहे थे। पंचायत द्वारा 12 बेसहारा पशुओं को पकड़ कर ट्राली से टंगैल नंदीशाला में पंहुचाया गया।

# शंभू टोल के पास मिली किन्नर की लाश

## जांच के दौरान स्कूटी से मिली शराब की बोतल, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शंभू टोल प्लाजा के पास से पुलिस ने एक किन्नर का शव जब्त किया है। किन्नर के शरीर पर चोटों के जख्म हैं। इसी वजह से पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक पुलिस ने कोई केस दर्ज नहीं किया है। राजकीय रेलवे पुलिस ने रिटायर होने के बाद ही व्यक्ति किन्नर बना था। इसी वजह से पुलिस कई पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविंदर नाम का पुलिस कर्मचारी राजकीय रेलवे पुलिससे रिटायर होने के बाद किन्नर बन गया था। रविंद्र कालका चौक के पास रह रहा था। पुलिस ने घटनास्थल से किन्नर की स्कूटी भी जब्त की है। सीन ऑफ क्राइम की टीम को मौके पर साक्ष्य जुटा रही है। सदर थाना प्रभारी धर्मबीर कौशिक ने बताया कि मृतक के सिर में चोट के निशान मिले हैं। थोड़ी दूर पर जो स्कूटी बरामद हुई है उसकी लाइट टूटी हुई है। पुलिस के मुताबिक स्कूटी की डिग्गी से शराब की बंद बोतल मिली है। शव खेतों के रास्ते में पड़ा मिला है। साथ ही पुलिस को जमीन पर एक शॉल भी पड़ी मिली है। पुलिस ने सभी साक्ष्य को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हत्या का मामला समझकर पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### तरावड़ी में बेहोशी हालत में मिले व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

तरावड़ी। तरावड़ी के जी टी रोड़ रम्बा मोड़ के पर बेहोशी हालत में मिले व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसकी अभी तक पहचान नहीं हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद पहचान के लिए आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पुलिस प्रशासन को सूचना मिली थी कि 14 जनवरी की शाम करीब 7 बजे रंबा मोड़ पर एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा है। जिसके बाद तरावड़ी थाना पुलिस ने उसे तरावड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भिजवाया। हालत गंभीर देखते हुए उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान 11 दिन बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पहचान के लिए पहले 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम हाउस रखा ओर आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की, लेकिन अज्ञात शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस जांच अधिकारी विनोद ने बताया कि व्यक्ति की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है, जिसका पतला शरीर, कद 5 फुट 9 इंच है, मुंह भी पिचका हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने शाखा को सम्मानित किया

**घरौंडा।** भारत विकास परिषद् शाखा घरौंडा को उपमण्डल प्रशासन माननीय विधायक हरविंद्र कल्याण जी उपमण्डल अधिकारी श्रीमती अदिति जी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय पर्व 75वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर परिषद् द्वारा वर्ष 2023-24 में समाज में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला एवं टीम को परिषद् को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

### गांधी के विचारों पर चलने के लिए जाने जाते हैं स्वयंसेवक



**करनाल।** कांग्रेस सेवा दल की परंपरा के तहत महीने के आखिरी रविवार को राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सेवादल के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई, हरियाणा प्रभारी राजबीर मराठा व प्रदेश अध्यक्ष डा. पूनम चौहान के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया जाता है। इस मौके पर प्रदेश महासचिव जोगिंद्र चौहान व जिला प्रधान अनिल शर्मा ने कहा कि सेवा दल की शुरुआत 1924 में एनएस हार्डिकर ने आंध्र प्रदेश के काकिनाडा में की थी। उन्होंने कहा कि सेवा दल के स्वयंसेवक गांधी टोपी पहनने और उनके विचारों पर चलने के लिए जाने जाते हैं।

### सर्वसम्मति से हंसराज चुने गए प्रधान



**करनाल।** हरियाणा राजकीय अनुसचित जाति अध्यापक संघ की खंड करनाल कमेटी का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। बमीटिंग की अध्यक्षता ईश्वर सिंह ने की व संचालन सुभाष लालूपुरा ने किया। सर्वसम्मति से राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय नलवी कलां के हेडमास्टर हंसराज प्रधान चुने गए।

### जेसी अनुज बंसल 2024 के लिए प्रधान चयनित

**करनाल।** जे सी आई करनाल द्वारा आज आज नूर महल में विश्वास 45वां शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे जे सी अनुज बंसल को वर्ष 2024 के लिए प्रधान पद के लिए चयनित किया गया। आज के कार्यक्रम में मंच संचालन जे सी प्रतिमा जिंदल एवं जे सी संदीप अग्रवाल ने की जिनोहने आये हुए सभी सम्मानित जे सी सदस्यों का स्वागत किया।

### भाविप ने सजाया माँ भगवती का दरबार

**घरौंडा।** भारत विकास परिषद् शाखा घरौंडा द्वारा धार्मिक कार्य के अंतर्गत माँ भगवती चौकी एक शाम मां भगवती के नाम सुन्दर दिव्य और भव्य परिवारिक कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला के धार्मिक विचारों व प्रगतिशील नेतृत्व सचिव कपिल धीमान की लग्न कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता की मेहनत महिला संयोजिका अंजू धीमान एवं प्रकल्प प्रमुखों की तत्परता और देख रेख़ में महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित किया।

### ओमप्रकाश फिर बने गुरु रविदास मन्दिर के प्रधान

**घरौंडा।** संत शिरोमणी श्री गुरू रविदास महाराज जी का 647वा जन्म उत्सव मनाने के लिए गुरू रविदास मन्दिर में समाज की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में ओमप्रकाश दोबारा गुरु रविदास मन्दिर सभा का प्रधान चूना गया। नवनियुक्त प्रधान ओमप्रकाश ने अपनी कमेटी गठन किया। जिसमें मदनलाल ग्रोवर को उप प्रधान, विक्रम सुलेख को सचिव,मेहर सिहँ खोदल्यण को कोष्याध्यक्ष,मास्टर रणधीर भठी को ओडिटर, प्रबंधक कमेटी सोनू रगां बनाया गया।

---

### संगीत और नृत्य स्वास्थ्य के लिए उत्तम : डीपी वत्स

# इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल के दूसरे दिन छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन




**करनाल।** डा. रामपाल सैनी बोले : समाज के हर व्यक्ति को हो अपनी संस्कृति पर गर्व।

## डा. रामपाल सैनी बोले : समाज के हर व्यक्ति को हो अपनी संस्कृति पर गर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज में आयोजित 44वें इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल के दूसरे दिन दिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद डीपी वत्स ने मुख्य अतिथि के रुप से शिरकत की। उसी समय कार्यक्रम में योजना विभाग के निदेशक डॉ राजबीर भारद्वाज तथा डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर डॉ एआर चौधरी, सास्कृतिक एवं युवा कार्यक्रम विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र डॉ महासिंह पुनिया विराजमान थे। मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का डीएवी पीजी कॉलेज प्रबंधक समिति के पुर्व प्रधान रमेश वर्मा, सदस्य ऐडवोकेट विजय पाल तथा कॉलेज के प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डॉ रामपाल सैनी ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। क्योंकि संस्कृति समाज के विकास की धुरी है, जो युवा महोत्सवों और सांस्कृतिक आयोजनों से विकसित होती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हरियाणा के माननीय राज्य सभा सांसद डीपी वत्स ने कहा कि युवा महोत्सव एक उत्सव है। जो युवाओं में उर्जा भरता है। उन्होंने कहा महोत्सव में नृत्य का बहुत अधिक महत्व है जो मनोरंजन के साथ-साथ शरीर को भी फिट रखता है। साथ ही संगीत मन को आनंदित कर उमंग प्रदान करता है। इसलिए युवाओं को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इसमें महिलाओं की भी भूमिका होनी चाहिए, उनको भी ओर अधिक सशक्त बनाना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की राजनितिक भागिदारी भी अधिक होनी है। जिसका लाभ आने वाले समय में महिलाओं को मिलेगा। उन्होंने बताया कि कुशल युवाओं के लिए विदेशों में भी बेहतर अवसर है। उन्होंने कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए युवाओं की भागीदारी आवश्यक है। तभी विश्व में भारत का झंडा बुलंद होगा। युवा महोत्सव के दुसरे दिन की सांस्कृतिक गतिविधियों में मुख्यतः रशिया ग्रुप डांस, हरियाणवी नाटिका, हिंदी नाटक, ग्रुप डांस जनरल, एकल अभिनय, मिमिक्री, इंडियन आरकेस्ट्रा, माईम, ग्रुप सांग हरियाणवी, ग्रुप सांग जनरल, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो, फोक इंस्ट्रूमेंटल सोलो, सांग, क्ले मोडलिंग, कार्टूनिंग, कोलाज, मेहंदी, कविता पाठ प्रतियोगिता संस्कृत विधाओं पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी। गीत-संगीत की थाप पर दर्शकों ने खुब मनोरंजन किया।

### यूथ फेस्टिवल प्रतिभा को तराशने का माध्यम


युवा महोत्सव युवाओं में प्रतिभा को तलाशने का माध्यम : योजना विभाग के निदेशक डॉ राजबीर भारद्वाज ने कहा कि युथ फेस्टिवल युवाओं की प्रतिभा को तराशने का माध्यम है। समाज में सांस्कृतिक गतिविधियों का होना जरूरी है, जिससे राष्ट्र निर्माण में मदद मिलती है। जिसका भार युवाओं के कंधे पर है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर डॉ एआर चौधरी ने कहा कि विश्व में भारत का किर्तिमान स्थापित करने के लिए युवाओं को संस्कृति से जुडना होगा। जिसमें इन महोत्सवों का बहुत बड़ा योगदान है, जो लगातार युवाओं में संस्कृति का प्रचार- प्रसार करते हैं।

### राष्ट्र निर्माण में सभी का बराबर योगदान जरूरी

युवाओं को वैदिक संस्कृति से जोडने में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए : डीएवी पीजी कॉलेज प्रबंधन समिति के सदस्य ऐडवोकेट विजय पाल ने कहा कि युवाओं को वैदिक संस्कृति से जोडने में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए, क्योंकि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सभी का बराबर योगदान जरुरी है। शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण में समाज के हर महिला-पुरुष ने योगदान दिया तभी ये संस्थाएं आज फलफूल रही हैं।

---

## विधायक धर्मपाल गोंदर ने तरावड़ी शांतिवन गोपाल गौशाला को चैक सौंपा



**तरावड़ी।** वन विकास निगम के चेयरमेन एवं विधायक हल्का नीलोखेड़ी के धर्मपाल गोंदर का तरावड़ी शांति वन गोपाल गौशाला में पहुंचने पर गौशाला अध्यक्ष लालनाथीराम गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों उद्योग पत्तियो ने फूल मालाओं से विधायक का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक धर्मपाल गोंदर ने आए हुए सभी गणमान्य लोगों को बताया कि प्रदेश सरकार सभी गौशालों के लिए करोड़ों रुपए का अनुदान दे रही है। इस अवसर पर तरावड़ी की शांतिवन गोपाल गौशाला के लिए 11 लाख 85000 की राशि का चेक वितरित किया गया है। विधायक गोंदर ने बताया प्रदेश सरकार द्वारा गौ सेवा आयोग से पंजीकृत गौशालाओं को चारा खरीद के लिए यह राशि दी जा रही है। इस मौके पर गौशाला अध्यक्ष लाल नाथीराम गुप्ता, रमेश गुप्ता, गौशाला पूर्व अध्यक्ष लाला साधू राम सिंगला, नगरपालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, पार्षद लखविंदर सिंह, अनिल गुप्ता, संजय बंसल, सुशील गुप्ता, भूपेंद्र लाडी, वाईस चेयरमैन अमित बंसल, पार्षद हरीश मदान भी मौजूद थे।

## अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में बीमा महत्वपूर्ण : आनंद



**करनाल।** भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है, लेकिन इसके साथ ही जोखिम और अनिश्चितताएं भी बढ़ रही हैं। आज की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में, अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में बीमा क्षैत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह विचार बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस में, नेशनल हेड- जियो अमितेश आनंद ने लोगों को बीमा के प्रति जागरुक करते हुए रखें। इस दौरान बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस ने मुग़ल कैनाल करनाल में अपने नए ऑफिस के उद्घाटन की घोषणा की है। अपनी विशेषज्ञता के साथ, बजाज आलियांज़ का उद्देश्य है करनाल की जनता को अपने नए उत्पाद और समाधान प्रदान करना है। बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस, अपने कुशल और विशाल डिस्ट्रिब्यूशन चैनलों के माध्यम से, अपने उत्पाद और संबंधित सेवाओं को देश के प्रत्येक हिस्से तक पहुंचाने और समाज कल्याण के प्रति अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

# आने वाला समय कांग्रेस का : शर्मा

- अशोक खुराना बोले : पार्टी ने अवसर दिया तो मेयर का चुनाव लड़ूंगा करनाल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



**करनाल।** हर घर कांग्रेस घर-घर कांग्रेस अभियान के तहत लोगों से मुलाकात करते हुए कांग्रेस नेता चणक्य शर्मा व करनाल शहर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशोक खुराना सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता।

करनाल में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे हर घर कांग्रेस घर-घर कांग्रेस अभियान के तहत कार्यक्रम मंगल कालोनी पार्ट-दो नजदीक रामदेव कालोनी में विजय कुमार के निवास पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आगाज करनाल शहर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशोक खुराना ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा के पुत्र चाणक्य शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबांधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस के पूर्व प्रधान अशोक खुराना ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खाडग़े, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा प्रदेशाध्यक्ष उदयभान सिंह का संदेश लेकर घर-घर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता तथा पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा के पुत्र पंडित चांणक्य शर्मा ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार राजनीतिक लोगों को ईडी के माध्यम से परेशान कर रही है।

# स्वास्थ्य के लिए आहार संबंधी दी जानकारी

- प्रभावी आहार प्रबंधन तकनीक व सर्दी की ठंडक से बचने के लिए मिलेट्स आहार और पौष्टिक पाक विधि विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा



राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा में कार्यवाहक प्राचार्य, नरेश सिंह के नेतृत्व व महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉक्टर मीनू आनंद की देख-रेख में स्वास्थ्य एवं खान-पान संबंधी दो विषयों "प्रभावी आहार प्रबंधन तकनीक" व "सर्दी की ठंडक से बचने के लिए मिलेट्स आहार और पौष्टिक पाक विधि" विषय पर डायटिशियन प्रीति बहेती द्वारा व्याख्यान में छात्रों को संबोधित करते हुए जोर दिया कि हमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन एवं मिनरल भरपूर मात्रा में लेने चाहिए कार्बोहाइड्रेट की मात्रा को पूरा करने के लिए दालें, हरी पत्तेदार सब्जियां तथा फल जैसे कि सेब, केला, संतरा, दूध-दही व पनीर जो कि ग्रामीण अंचल में सभी घरो में उपलब्ध है उनका जरूर सेवन करना चाहिए तथा छात्राओं को महाविद्यालय में आने से पहले घर से सुबह का नाश्ता जरूर करके आना चाहिए विद्यार्थियों को डीहाइड्रेशन की समस्या से बचने के लिए 2 लीटर पानी प्रतिदिन पीना चाहिए ताकि पाचन क्रिया को दुरुस्त रखा जा सके। उन्होंने छात्राओं को खान-पान से जुड़े विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उनका मार्गदर्शन किया तथा आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जबकि फास्ट-फूड का कल्चर दिनों-दिन बढ़ रहा है और वह अनेक बीमारियों का कारण भी बन रहा है इन सबसे कैसे निजात पाया जा सके उनके द्वारा बच्चों को हेल्थी टिप्स दिए गए। उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि कृत्रिम सुंदरता की जगह पत्तेदार सब्जियां फल व मोटा अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, मक्का, सोयाबीन, दालों व जमीन के नीचे उगने वाली कोई भी सब्जी जैसे गाजर, शकरकंद, मूली, कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होती है इत्यादि को खाकर अपने आप को स्वस्थ व सुंदर बना सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर विक्रम सिंह ने भरपूर सहयोग किया इस अवसर पर रचना, पूजा कुमारी, रेणु कुमारी उपस्थित रहे ।अंत में संयोजिका डॉक्टर मीनू आनंद ने डायटिशियन, प्रीति बहेती का ज्ञानवर्धक व्याख्यान देने के लिए धन्यवाद किया।

---

# शादी से पहले दूल्हा प्रेमिका संग फरार

**करनाल।** एक दूल्हा शादी से 12 दिन पहले अपनी प्रेमिका के साथ फरार हो गया, जबकि दूसरे मामले में एक विवाहिता को उसकी ही मुंह बोली मां और बहन ने किसी ओर के साथ भगा दिया। युवक घर से 4 लाख की नकदी और 5 लाख के गहने लेकर भागा है जबकि विवाहिता 50 हजार और सोने चांदी के आभूषण लेकर गायब हुई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बल्लाह निवासी नवीन ने 28 दिसंबर 2023 को कोर्ट मैरिज की थी। नवीन की मां बबीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि कोर्ट मैरिज से लड़की के घर वाले भी खुश थे। घर वालों ने हिंदू रीति रिवाज से नवीन की शादी करवानी चाही थी। शादी चार फरवरी को होने वाली थी, लेकिन नवीन 24 जनवरी को ही किसी और लड़की के साथ फरार हो गया। मां ने अपने ही बेटे पर आरोप लगाया है कि उसका बड़ा बेटा उसके छोटे बेटे को वॉट्सअप कॉल पर पैसे मांगता है और उसे जान से मारने की भी धमकी देता है। बोलता है कि जहां तु नौकरी करता है, वहां से तुझे रास्ते में मरवा दूंगा। मां ने शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है।

## जे आर कालडा मरणोपरांत नागरिक सम्मान दिया



**करनाल।** करनाल के समाज में एक अहम स्थान रखने वाले स्वर्गीय जे आर कालडा द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को याद करते हुए उन्हें मरणोपरांत नागरिक सम्मान दिया गया। सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में, निफा व करनाल के समाज की और से यह सम्मान स्वर्गीय जे आर कालडा के पुत्र विकास, पुत्रवधू व पोते को ज़िला एवं सत्र नयायाधीश चन्द्र शेखर ने अपने कर कमलों से प्रदान किया। इस संबंध में बताते हुए निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने बताया कि जे आर कालडा निफा के संरक्षक थे व ज़िला व्यापार मंडल के प्रधान थे। वे हरियाणा चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स व इंडस्ट्री के भी करनाल से लंबे समय तक प्रधान रहे। उन्होंने जीवन पर्यंत जहाँ व्यापारियों के हितों के लिए कार्य किया वहीं सामाजिक हित के कार्यों में भी बड़ चड़ कर भाग लिए। निफा के संरक्षक के रूप में उन्होंने हमेशा संस्था की समाज भलाई की गतिविधियों में सक्रिय योगदान किया। उनकी अतुलनीय सेवाओं को याद करते हुए गणतंत्र दिवस पर सैंट थेरेसा कॉन्वेंट स्कूल में कार्यक्रम में उन्हें मरणोपरांत नागरिक सम्मान से नवाजा गया।

# मिठाई बांट मनाया गणतंत्र दिवस

- सोसायटी के निवासियों ने उत्साह के साथ मनाया उत्सव
- ध्वजारोहण समारोह के सार्थक क्षणों को संजोया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



**करनाल।** देश की आन बान और शान तिरंगा को सलामी देते हुए अल्फा सिटी के निवासी।

जिलेभर में 75वें गणतंत्र दिवस की धूम रही। लोगों ने अपने-अपने अंदाज में गणतंत्र दिवस मनाया। वहीं अल्फा सिटी में भी मिठाईयां बांटकर गणतंत्र का जश्न मनाया गया। पूरी टाउनशिप भारतीय तिरंगे के जीवंत रंगों से सजी हुई थी, जिससे राष्ट्रीय गौरव की स्पष्ट भावना से ओत-प्रोत माहौल बन गया था। उत्सव में एक सुखद स्पर्श जोड़ते हुए, मिठाई वितरण ने खुशी के माहौल को और बढ़ा दिया, जिससे उपस्थित लोगों के बीच सौहार्द की भावना पैदा हुई। सोसायटी के निवासियों ने उत्साह के साथ उत्सव मनाया, मिठाइयों का आनंद लिया और ध्वजारोहण समारोह के सार्थक क्षणों को संजोया। कार्यकारी निदेशक और सीएफओ अल्फाकॉर्प संतोष अग्रवाल ने कहा कि 75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में, अल्फाकॉर्प इंटरनेशनल सिटी करनाल एक हार्दिक ध्वजारोहण समारोह आयोजित करने में गर्व महसूस करता है।

---

### श्रद्धालुओं ने की आतिशबाजी, लगाए जयकारे

# सनातन धर्म मंदिर में मची राम नाम की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



**करनाल।** राम नाम के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुगण।

आयोध्या में रामलला के विराजे जाने की खुशी में सनातन धर्म मंदिर रामनगर में जश्न का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने धूमधाम से राम लला के आने का स्वागत किया और आतिशबाजी कर राम नाम के जयकारे लगाए। आर्य समाज स्त्री विंग की ओर से भी हवन यज्ञ कर रामलला के आने का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहूति डालकर सभी के लिए मंगलकामना की। इसके बाद ओम नमः शिवाय परिवार की ओर से ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया गया। शरणम, नमो शरणम, शिवाय शरणम, भोले बाबा शरणम से शिव स्तुति की संगीतमयी शुरुआत हुई। कलाकारों ने भजन गाकर श्रद्धालुओं को मोह लिया। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया फिर हर हर महादेव के जयकारे लगाकर भोलेनाथ को रिझाया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। फिर राम नाम की माला जपी गई। राम नाम की माला से वीर बजरंगी को भी रिझाया। भजनों के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। जाप परिवार के सेवक संजय टिक्का ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। शिव भक्त नरेश छाबडा, अनिल, सतीश शर्मा, शंटी सचदेवा, रोहित ग्रोवर, कपिल ढल, अशोक दुआ व इंद्रजीत शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

## महिला समेत तीन कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लेना निदंनीय : त्रिलोचन



**करनाल।** एक महिला कांग्रेस नेत्री समेत तीन युवा नेताओं को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने की जिला कांग्रेस संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कड़े शब्दों में निंदा की है। दरअसल रविवार को सीएम मनोहर लाल का माडल टाउन में जन संवाद कार्यक्रम था। यह कार्यक्रम कांग्रेस नेत्री रानी कांबोज के निवास के सामने रखा गया था। इसी दौरान रानी कांबोज के निवास पर युवा नेता अंशुल लाठर, सूरज लाठर व मुकुल वर्मा हर घर कांग्रेस अभियान को लेकर मीटिंग कर रहे थे। अचानक पुलिस रानी कांबोज के घर पहुंची और सीएम सिक्योरिटी का हवाला देते हुए चारों नेताओं को हिरासत में लिया गया। शाम करीब पांच बजे जिला कांग्रेस संयोजक त्रिलोचन सिंह कांग्रेस नेताओं को वापस लेकर आए। इस दौरान रानी कांबोज ने कहा कि सीएम का विरोध करने की उनकी कोई योजना नहीं थी। सीएम प्रदेश के मुखिया हैं, उनसे मिलने का हक सभी को होना चाहिए। वह अपने निवास पर युवा नेताओं के साथ मीटिंग कर रही थी और पुलिस ने अचानक हिरासत में ले लिया। जिला कांग्रेस संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता हमेशा जनता की आवाज उठाते रहे हैं और उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्रवाई से वह नाराज नहीं हैं, क्योंकि पुलिस सरकार के आदेशों पर ही काम करती है।

## खबर संक्षेप

### गांधीवादी नेता महेश को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** गांधीवादी नेता महेश दत्त शर्मा की सातवीं पुण्य तिथि पर उनकी कर्मस्थली खादी आश्रम प्रांगण में उनकी स्मृति में हवन किया गया। इस कार्यक्रम में खादी आश्रम पानीपत, भारतीय खादी ग्रामोद्योग संघ उत्तरी क्षेत्र पानीपत, चेतना परिवार ट्रस्ट पानीपत के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं तथा विद्या भारती मॉडर्न स्कूल के स्टाफ व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### घर पर फायरिंग की

**पानीपत।** पानीपत के गांव न्यू बोहली निवासी लेबर ठेकेदार गुरनाम सिंह के घर पर फायरिंग की गई। गुरनाम ने थाना सदर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि गुरप्रीत ने मामूली सी कहासुनी पर उसके घर पर फायरिंग की। वहीं गुरप्रीत सरपंच के चुनाव में उसका साथ नहीं देने के चलते उससे रंजिश रखता था। फायरिंग से पहले गुरप्रीत के भाई लखविंद्र भी उसके साथ था।

### भाकपा की रैली को लेकर बैठक हुई

**पानीपत।** भगत सिंह स्मारक कामरेड टीका राम सखुन सभागार में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की हरियाणा राज्य कौंसिल की मीटिंग वरिष्ठ भाकपा नेता का. आर.एन.सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सीपीआई के राज्य सचिव का. दरियाव सिंह कश्यप ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा व केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने संयुक्त रुप से 16 फरवरी को राष्ट्रीय स्तर पर हड़ताल का आह्वान किया है।

### भाजपा ने जनविश्वास खोया

**पानीपत।** हरियाणा में चलाए जा रहे अभियान घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस के तहत पानीपत ग्रामीण में आज शमशान रोड देशराज कॉलोनी, विष्णु कॉलोनी, विकास नगर, इंदिरा कॉलोनी, बरसत रोड ज्योति कॉलोनी समेत करीब आधा दर्जन कॉलोनियों में कांग्रेसी नेता चाणक्य पंडित ने दौरा कर सभाओं को संबोधित किया।

### शिक्षा इंसान की तरक्की की राह

**पानीपत।** हुडा सेक्टर छह स्थित धानक भवन कबीर छात्रावास में संत कबीर सेवा समिति धानक समाज की कार्यकारिणी की मीटिंग हुई। बैठक में सभी वक्ताओं ने धानक समाज के लोगों से अपने बच्चों को शिक्षित करने की अपील की। बैठक में धानक समाज के अध्यक्ष कृष्ण दुग्गल, संस्था के उपाध्यक्ष जरनैल सिंह मोरवाल, सचिव डा.रणधीर सिंह मोर, संस्था कोषाध्यक्ष पवन कुमार, मंधीर दुग्गल, इन्द्र सोलंकी, जगदीश दुग्गल, संस्था के सलाहकार मेजर जगदीश खन्नगवाल, सुरेन्द्र निनानिया, डा.विजय इन्दौरा, रमेश दिलोढ, डॉ.प्रदीप भालसी, आशीष बसौर, अमित व आजाद सिंह आदि मौजूद रहे।

### आप नेता व कार्यकर्ता रैली में गए

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव राकेश मुंजाल, अनिल शर्मा, कृपाल सिंह, रविंद्र, अजित, रेखा आहूजा, हेमा, मीनू, योगेंद्र दीवान, अमरनाथ, तलुजा, पूजा अरोड़ा व सरदार अमरीक सिंह रविवार को पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ जींद में आयोजित हुई रैली में भाग लेने गए। आप के जिलाध्यक्ष राकेश चुघ ने दावा किया कि आप की रैली ऐतिहासिक रही।

### गोवंश की जान बचाई

**पानीपत।** कान्हा गौवंश रक्षा उपचार एवं कल्याण संस्था समालखा के गौभक्ताओं ने प्रदीप भापरा, सागर, राहुल, प्रिंस, मंदीप, संचित, गौरव, राज, मनोज आदि ने नाले में फंसे गौवंश को क्रेन की मदद से बाहर निकाला और उसका उपचार किया। क्रेन मालिक राममेहर व विक्की ने गौवंश की सेवा के लिए निशुल्क सहयोग किया। वहीं प्रदीप भापरा ने राममेहर व विक्की का आभार जताया।

### क्रांतिकारी नाटक का मंचन हुआ

**पानीपत।** शिक्षकों, विद्यार्थियों व आम लोगों को हरियाणा के क्रांतिकारियों से रूबरू कराया गया। दरअसल पाइट कॉलेज में हरियाणा के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के सौजन्य से सफीदों के रास कला मंच ने हरियाणा के क्रांतिकारी नाटक का मंचन किया।

---

ई बस सिटी सेवाओं से यात्रियों को राहत मिलेगी

# हरियाणा के शहरों में एसी सिटी बस सेवा का सपना मुख्यमंत्री ने साकार किया: विर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। ई बस सिटी सर्विस का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल साथ में है, हरियाणा परिवहन विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क।

हरियाणा परिवहन विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल का विभाग की ओर से स्वागत और अभिनन्दन करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि हरियाणा के शहरों में एसी सिटी बस सेवा का यह सपना मुख्यमंत्री ने साकार किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आठ फरवरी 2022 को बजट भाषण में कहा था कि राज्य सरकार रोहतक, पानीपत, यमुनानगर और हिसार में बसों के माध्यम से संगठित और सुविधाजनक शहरी परिवहन सेवाएं शुरू करेगी। इस सेवा में इलेक्ट्रिक बसों का बड़ा बेड़ा चार्जिंग के बुनियादी ढांचे के साथ होगा इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 2023 के बजट भाषण में कहा था कि हम हरियाणा के नौ शहरों में में सिटी बस सेवा शुरू करेंगे और गुरुग्राम, मानेसर और फरीदाबाद में मौजूदा सिटी बस सेवाओं को बढ़ाएंगे। इसके लिए 550 एसी इलेक्ट्रिक बसों की खरीद प्रकिया लगभग पूरी है, जिनमें से 175 मिनी बसें हैं। सिटी बस सेवा शहरी स्थानीय निकायों और परिवहन विभाग के साथ साझेदारी में एक विशेष प्रयोजन वाहन के माध्यम से प्रदान की जाएगी। मुझे उम्मीद है कि इन सेवाओं से आने वाले समय में इन शहरों में यात्रियों और यात्रियों को राहत मिलेगी। बजट घोषणाओं को लागू करते हुए, परिवहन विभाग ने काम शुरू किया और पंचकुला, अंबाला, सोनीपत रेवाड़ी, यमुनानगर, करनाल, पानीपत, रोहतक और हिसार शहरों में सिटी बस सेवा के प्रबंधन और संचालन के लिए (हरियाणा सिटी बस सर्विसेज लिमिटेड) के नाम से एक अलग निगम की स्थापना की है। हरियाणा सरकार ने बसों के लिए निविदा के लिए सीईएसएल (कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक इकाई) को अपना सलाहकार नियुक्त किया है। सीईएसएल द्वारा राष्ट्रीय ई-बस योजना के तहत किए गए एक वैश्विक टेंडर के बाद, 375, 12 मीटर बसों के लिए ऑर्डर दिया गया था, जिनका उपयोग इन परिचालनों के लिए किया जाएगा। कुल 450 बसें खरीदी जाएंगी। ये सबसे आधुनिक वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें हैं जिन्हें मेसर्स जेबीएम इकोलाइफ मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड से सकल अनुबंध लागत मॉडल पर 12 वर्ष के लिए खरीदा गया है। इस मॉडल के तहत बस, उसके ड्राइवर को उपलब्ध कराना और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रकचर उपलब्ध कराना विक्रेता का जिम्मा रहेगा। उक्त 9 शहरों में से पानीपत और जगाधरी (यमुनानगर) में मौजूदा डिपो को मॉडीफाई किया गया है और परिचालन शुरू किया जा रहा है। अन्य 7 स्थानों पर नए डिपो का निर्माण किया जा रहा है।इस मौके पर राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पवार, लोकसभा सांसद संजय भाटिया, शहरी विधायक प्रमोद विज, भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट्ट, जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, निदेशक राज्य परिवहन सी.जी. रजनी कांथन, डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया, एसपी अजीत सिंह शेखावत, एडीसी वीना हुड्डा, एसडीएम समालखा अमित कुमार, अतिरिक्त निदेशक पूजा भारती, संयुक्त निदेशक तकनीकी एसपी परमार, डीटीसी सर्वजीत मान, जीएम रोडवेज कुलदीप जांगड़ा सहित लगभग सभी जिलों के डीपो महाप्रबंधक और जिला परिवहन अधिकारी उपस्थित रहे।

### शहरों की रूट प्लानिंग डीआईएमटीएस ने की

विर्क ने कहा कि इन शहरों में रूट प्लानिंग एक विशेषज्ञ एजेंसी डीआईएमटीएस (दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल ट्रांजिट सिस्टम लिमिटेड) से कराई गई है। यह एजेंसी सिटी बस सेवाओं की स्थापना और संचालन के लिए अन्य सेवाएं भी दे रही है। इन बसों में टिकटिंग इलेक्ट्रॉनिक तरीके से की जाएगी। यात्रियों की सहायता के लिए बसों में डिस्प्ले बोर्ड और पीए सिस्टम घोषणाएं होंगी। इन बसों का लाभ शहरी आबादी को ही नहीं, बल्कि जिले की ग्रामीण आबादी को भी मिलेगा। बस सेवा प्रत्येक शहर के आस-पास के गांवों में भी जाएगी। इस परियोजना को परिवहन विभाग द्वारा जुलाई 2022 से जनवरी 2024 तक 18 महीने के रिकॉर्ड समय में लागू किया गया है।

### जनता को यात्रा करने में लाभ होगा

विर्क ने कहा कि यह हरियाणा सरकार के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। क्योंकि यह पूरे देश में एक अनोखी परियोजना है। इलेक्ट्रिक बसें होने से इन शहरों के नागरिकों को तो फायदा होगा ही, प्रदूषण भी शून्य होगा। सिटी बस परिचालन के लिए उपयोग की जाने वाली 450 बसों के लिए 12 वर्षों में संचालन की लागत लगभग 2450 करोड़ रुपये आएगी। मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने विधिवत्त पूजन के साथ इलैक्ट्रिक सिटी बस का शुभारम्भ कर इसमें सफर भी किया।

---

# जनता की सेवा के लिए राजनीति में आया हूं: संजय



भाजपा नेता संजय छौक्कर को बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते हुए।

**पानीपत।** आपका प्यार और स्नेह मुझे हमेशा मिला है और आगे भी मिलता रहेगा मुझे ज्ञात है की आज से 25 साल पहले सन-1999 को यहीं गांव गढ़ी त्यागयान में आप लोगों ने पगड़ी पहना कर मुझे आशीर्वाद दिया था। मुझे पगड़ी की कीमत का पता है ना पहले कभी झुकने दी है ना आगे कभी झुकने दूंगा इस पगड़ी और आप सभी गांव वासियों का मान हमेशा रखूंगा उक्त बाते भाजपा नेता संजय छौक्कर ने गांव गढ़ी त्यागयान में आयोजित सम्मान समारोह में कही। गांव गढ़ी त्यागयान वासियों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में संजय छौक्कर को चादर व पगड़ी से सम्मानित करते हुए उनको भविष्य में विधायक बनाने का संकल्प लिया। वहीं संजय छौक्कर ने चादर ओढ़ा कर बुजुर्गों का सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच देवी सिंह, पहल सिंह, रणबीर सिंह, महेंद्र, श्याम लाल, अजब सिंह सरपंच, प्रकाश चंद, नरेंद्र, शमशेर, रामफल, ओमदत्त शर्मा, ईश्वर ढांगी, रायसिंह बैरागी, अनिल कुमार, किशन चंद, रविंद्र छौक्कर, रामेश्वर छौक्कर, पन्ना लाल, रामपाल, नफे सिंह, सुनील छौक्कर व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### मोदी व मनोहर के नेतृत्व में हरियाणा तरक्की की राह पर: सांसद संजय

**पानीपत।** सांसद संजय भाटिया ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा इलेक्ट्रिक सिटी बसों की शुरूआत करने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा की पानीपत डिपो में पांच इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई गई है। बसों में सफर करने वाले यात्रियों का सफर शानदार रहेगा। इन बसों की आने वाले समय में संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी। आने वाले समय में रूटों की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी। इन बसों में जो कराया निर्धारित किया गया है वो बिल्कुल साधारण है। बसों में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पैनिक बटन, ऑटोमेटिक बस, व्हीकल लोकेशन सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, पब्लिक एड्रेस सिस्टम ,स्टाफ रिक्वेस्ट बटन आदि को जोड़ा गया है। इन पानीपत से सोनीपत तक विस्तार किया जाएगा।

---

# पानीपत में भाजपा चलो गांव की ओर कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। भाजपा की बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट।

भाजपा ने अपनी लोकसभा चुनावी तैयारियां को तेज कर दिया है। भाजपा फरवरी माह में चलो गांव की ओर अभियान शुरू कर रही है। जिसमें हर बूथ एक एक प्रवासी कार्यकर्ता प्रवास करेगा। वहां वह पार्टी की नीतियों तथा सरकार के विकास कार्यों का प्रचार प्रसार करेगा। पार्टी हर बूथ पर जहां एक एक प्रवासी कार्यकर्ता भेजेगी उसकी मदद के लिए हर बूथ पर एक एक संयोजक भी नियुक्त किया जाएगा। ये जानकारी भाजपा प्रदेश महामंत्री तथा विधायक मोहन लाल बडौली ने जिला भाजपा के जीटी रोड स्थित कार्यालय पर जिले के कार्यकताअरं की बैठक लेते हुए दी। मोहन लाल बडौली ने कहा की पार्टी का गत लोकसभा चुनाव की तरह इस बार भी सभी की सभी दस सीटों का जितना सुनिश्चित है परन्तु जीत के अंतर को अधिक बढ़ाना है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा की भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी का विस्तार अब गांव-गांव गली-गली हो चुका है। अब केवल बूथ के कार्यकताअरं को सरकार के विकास कार्यों की जानकारी देकर प्रचार-प्रसार के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा की जिले में चलो गांव की ओर अभियान अपने उद्देश्यों प्राप्त कर सफल होगा। उन्होंने प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बैठक को विधायक प्रमोद विज ने भी संबोधित किया।

---

# पानीपत को विकसित नगर बनाएंगे : प्रमोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। विधायक प्रमोद विज का स्वागत करते हुए प्रजापति समाज के नागरिक।

पानीपत शहरी विधानसभा के वार्ड 19 में 28 लाख की लागत से प्रजापत धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा। पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने धर्मशाला के निर्माण कार्य का शिलान्यास समाज के लोगों के साथ नारियल तोड़ कर किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक का प्रजापत समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं पुष्प गुच्छ भेंट किया। समाज के लोगों के द्वारा लंबे समय से धर्मशाला के निर्माण कार्य की मांग की जा रही थी। धर्मशाला के निर्माण कार्य के लिए विधायक का प्रजापत समाज के प्रधान सतपाल प्रजापति ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके समाज के द्वारा पूर्व विधायकों से भी भवन निर्माण हेतु मांग कि गयी थी, लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। वे, प्रजापति समाज की तरफ से विधायक प्रमोद विज का आभार व्यक्त करते हैं जिनके द्वारा य़ह कार्य कराया गया है। विधायक विज ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि पानीपत के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत हूं, शीघ्र ही भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाएगा एवं सामाजिक कार्यों हेतु समर्पित होगा। इस अवसर पर सुनील कंसल, बलवान सरोहा, जॉनी, रॉकी गहलोत, संदीप प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

---

# जरूरतमंद लोगों की सेवा करना हर सामर्थ नागरिक का कर्तव्य : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। श्री राधा रानी सेवा समिति के प्रधान सुभाष गोयल को सम्मानित करते आयोजक ।

आरंभ फाउंडेशन का आठवां फाउंडेशन डे रविवार को अपना आशियाना जन सेवा दल के प्रांगण में मनाया गया। इस अवसर पर प्रभु प्रसाद प्रकल्प के अंतर्गत अपना आशियाना में रह रहे लोगों के लिए भोजन प्रसाद का प्रबंध किया गया। जनसेवा दल के सदस्यों के द्वारा आरंभ फाउंडेशन के सदस्यों एवं अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर किया। मुख्य अतिथि श्री राधा रानी सेवा समिति के अध्यक्ष एवं संस्थापक सुभाष गोयल का स्वागत पौधा देकर किया गया। उनके साथ उनके परिवार के सदस्यों दीपक गोयल एवं तन्मय गोयल का भी स्वागत किया गया। वहीं मुख्यातिथि सुभाष गोयल द्वारा पिछले 20 वर्षों से की जा रही निःस्वार्थ सेवा के लिए फाउंडेशन द्वारा उन्हें गीता सम्मान से नवाजा गया। फाउंडेशन के संस्थापक मेहुल जैन, सदस्य पंकज जैन एवं जन सेवा दल के चमन गुलाटी द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। संस्थापक मेहुल जैन एडवोकेट ने बताया कि भगवान महावीर 2550 निवार्णोत्सव अहिंसा वर्ष एंव श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर आज फाउंडेशन डे धूमधाम से मनाया गया।

---

# रमेश नांगरू से मिलने पहुंचे गृह मंत्री विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। अपने संघर्ष के दौर के साथी रहे रमेश नांगरु के साथ गृह मंत्री अनिल विज।

निजी कार्यकर्मों मे पहुंचे गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज अचानक अपने स्वयं सेवक संघ के संघर्षशील साथी रमेश नांगरु के मॉडल टाउन निवास पर पहुंचे, जहां रमेश नांगरु व उनके सुपुत्र पूर्व पार्षद लोकेश नांगरु ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ मंत्री अनिल विज का पुष्प गुच्छ व शाल ओढ़ा कर स्वागत किया। वही मंत्री विज करीब एक घंटे तक अपने साथी रमेश नांगरु व पूर्व पार्षद लोकेश नांगरु के साथ पानीपत की राजनीति पर चर्चा करते रहे। मंत्री विज ने रमेश नांगरू के साथ बीता समय की पुरानी हो चुकी यादें ताजा की। विज से मिलने पहुंचे अनेक लोगों ने भी मंत्री अनिल विज के साथ बिताए पुराने पलो को भी याद करवाया। इधर, पूर्व पार्षद लोकेश नांगरु ने कहा की मंत्री विज की सादगी व अपना पन कार्यकर्ता को अपनी और आकर्षित करता है। मंत्री रहते हुए विज जमीन से जुडे हुए है और आम इंसान की तरह ही रहते है। इस अवसर पर दिवाकर मेहता, तरुण छोकरा, गौरव छोकरा, गौरव लिखा, चंदन विज, सुरेंद्र अनेजा, वीरेंद्र सोनी, सुनील ग्रोवर सुरेश चुग, मोहित बजाज, सुनील परधाना, राजेन्द्र भादड़ विकी भादड़, खुशपाल चौहान, मनोज रहेजा, अभिषेक खट्टर आदि मौजूद रहे।

---



पानीपत। आरएसएस के प्रांतीय संघ चालक पवन जिंदल को नारियल भेंट करते हुए स्वयंसेवीगण।

### पवन जिंदल फिर बने संघ के प्रांत संघचालक

*पानीपत। समालखा के पट्टीकल्याणा स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दो दिवसीय प्रांत की बैठक हुई। जिसमें सभी जिला संघचालक, कार्यवाह, प्रचारक व इससे ऊपर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में प्रांत संघचालक के दायित्व के लिए चुनाव प्रकिया हुई, जिसमें शाखा प्रतिनिधियों द्वारा सहित अन्य सभी कार्यकताअरं के द्वारा पवन जिंदल को दोबारा फिर से प्रांत संघचालक के लिए निर्वाचित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संविधान में तीन साल में एक बार प्रांत संघचालक के दायित्व के लिए चुनाव किए जाते हैं। इसी प्रक्रिया के तहत प्रांत संघचालक के लिए चुनाव प्रक्रिया की गई तथा साथ ही दो अखिल भारतीय प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह, रमाकांत भी चुने गए । बैठक में प्रांत संघचालक के लिए पवन जिंदल के नाम का प्रस्ताव किया गया। सर्वसम्मति से सभी कार्यकर्ताओं ने पवन जिंदल को दोबारा फिर प्रांत संघचालक के दायित्व के लिए निर्वाचित किया गया।*

---

आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत में अंकन साहित्यिक मंच के तत्वावधान में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

# राम लला विराज गए, राम राज्य की कल्पना अब होगी साकार..

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। अंकन साहित्यिक मंच की गोष्ठी में शिकरत करते हुए कविगण। फोटो :हरिभूमि

आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत में अंकन साहित्यिक मंच के तत्वावधान में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रेमपाल सागर ने की तथा उसके मुख्य अतिथि जय सिंह जीत व विशिष्ट अतिथि डॉ.अंजलि दीवान रहे। इस गोष्ठी का मंच संचालन कमलेश कुमार पालीवाल 'कमल' ने किया । आगंतुक रचनाकारों का धन्यवाद मंच संरक्षक डॉ. ए. पी. जैन ने किया। वहीं गोष्ठी में प्रेम पाल सागर ने सुनाया कि खुदकुशी मुर्दा दिल करते, तू जीने की बातें कर, घाव सुखा गैरों के,अपने फिर सीने की बातें कर। जय सिंह जीत ने सुनाया कि रंग उल्फत का हरेक सिम्त उड़ाना होगा, इस तरहा चांद-सा रोशन यह जमाना होगा। रामेश्वर देव ने सुना कि जरा सी बात को ज्यादा समझ लिया तुमने, हमारे दिल में सितम इस कदर किया तुमने। डॉ अंजलि दीवान ने सुनाया कि बहुत दिन हुए बिछड़े हुए दिल में कसक आज भी है, तूफान तो थम गया, पत्थरों पर निशान आज भी हैं। धर्मेंद्र अरोडा मुसाफिर ने सुनाया कि भले मगरूर कितना आदमी हो, समय ने पर दिखाया आईना है। राजपाल राजन ने सुनाया कि कब तक छुपे रहोगे इकरार करते-करते, मेरी उम्र बीती जाए इंतजार करते-करते। विनोद कुमार गीता ने सुनाया कि कुदरत ने सबको हीरा बनाया है, जो जितना घिसेगा उतना ही चमकेगा। चंद्रशेखर आजाद ने सुनाया कि हम आए आपके घर, कुछ तो पिला दिया होता, अरे शराब कम थी तो, पानी मिला दिया होता। सुभाष भाटिया ने सुनाया कि रचयिता' को दुनिया में टाट या ठाठ दे सकता है कौन, याद रखो वही है जो दे सकता है, वाणी और मौन। डॉ एपी जैन ने सुनाया कि राम लला विराज गए, छाई खुशी अपार, राम राज्य की कल्पना अब होगी साकार। प्रदीप कबीरा ने सुनाया कि खोल दे पंख मेरे कहता परिंदा,अभी और उड़ान बाकी है, जमीन नहीं है मंजिल मेरी, अभी पूरा आसमान बाकी है। सुरेंद्र धीमान ने सुनाया कि मुझे रूठे हुए को मनाने की आदत है, मैं यह समझता हूं कि यही इबादत है। रमेश चंद्र पुहाल पानीपती ने सुनाया कि उनको सोचा रोशनी का चिराग लिए बैठे हैं, क्या पता था वो घर के लिए आग लिए बैठे हैं। डॉ सुरेंद्र टुटेजा ने सुनाया कि किसी को सताकर नोट गुलाबी नहीं चाहिए, धोखे से किस्मत की चाबी नहीं चाहिए। कलेश कुमार पालीवाल कमल ने सुनाया कि नव वर्ष में हम भी नया कुछ ठान लें, ज्यादा जिद ना करें, बात सबकी मान लें। रविंद्र कुमार ने सुनाया कि कमाकर लाना मजबूरी थी उसकी, क्योंकि घर में दो रोटी ही जरूरत थी सबकी। शकील पानीपती, राजकुमार पालीवाल, सलीम कैरानवी, नीलम पालीवाल, शबनम, अशोक प्रजापति, जतिन प्रजापति, गुरचरण सिंह फौजी ने भी अपनी कविताएं सुनाई।

## खबर संक्षेप

### जाली रैपर लगाकर शराब बेचने वाला काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज नकली अवैध शराब पर जाली रैपर लगाकर बेचने के मामले में सीआईए-शहजादपुर एक अन्य आरोपी युवराज सिंह को गिरफ्तार किया है। अब उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। इस मामले मे अब तक 18 आरोपियो को गिरफ्तार किया जा चुका है। 9 नवंबर 2023 को पुलिस ने रेड कर धनौरा क्षेत्र में नकली शराब की फैक्टरी पकड़ी थी। यहां नकली शराब तैयार की जाती थी। यहां तैयार जहरीली शराब से यमुनानगर व अंबाला में 22 लोगों की मौत हो गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी उत्तम, पुनीत, शेखर व प्रवीन को काबू किया था। जांच के दौरान युवराज की भूमिका सामने आई थी। इसी आधार पर उसे काबू किया गया।

### शराब तस्करी में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना शहजादपुर क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी बंता राम को काबू किया है। तलाशी लेने पर पुलिस ने आरोपी बंता राम के कब्जे से 8 बोतल शराब जब्त की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। अब पुलिस ने आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया है।

### सेवानिवृत्त कर्मी का एटीएम बदल निकाले 11 हजार

**जींद।** कैथल रोड पर पीएनबी एटीएम से राशि निकलवाने गए व्यक्ति का वहां मौजूद युवक ने एटीएम कार्ड बदल लगभग 11 हजार रुपये का चूना लगा दिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी तथा धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवपुरी कालोनी निवासी टेकराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बीएसफ से सेवानिवृत्त है।

### 13 फरवरी को अनशन पर बैठेंगे सेवानिवृत कर्मचारी

**जींद।** ज्वायंट एक्शन कमेटी के आह्वान पर सेवानिवृत कर्मचारी 13 फरवरी को जिला मुख्यालय पर क्रमिक अनशन पर बैठेंगे। सरकार की रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी को लेकर क्रमिक अनशन की शुरुआत रोहतक में 12 फरवरी से होगी। इसके बाद 13 फरवरी को जींद में क्रमिक अनशन किया जाएगा। 25 फरवरी से पांच मार्च तक अन्य जिलों में रिटायर्ड कर्मचारी क्रमिक अनशन पर बैठेंगे।

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**जींद।** दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर धरौदी और धमतान साहिब स्टेशन के बीच रविवार दोपहर को एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया लेकिन मृतक के पास ऐसा कुछ नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। जीआरपी ने शव को नागरिक अस्पताल नरवाना के शवगृह में रखवा दिया है।

### युवक से 1.165 ग्राम डोडा पोस्त सहित काबू

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल की ओर से शनिवार को कवारतन से एक नशा तस्कर को एक किलो 165 ग्राम डोडा पोस्त सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल के एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम ने दोपहर के समय गश्त दौरान कवारतन क्षेत्र में मौजूद थी।

# पूरी दुनिया में भारत अपनी सभ्यता व संस्कृति के लिए मशहूर

- मेरी संस्कृति मेरी पहचान प्रोजेक्ट को लेकर देशभर में विभिन्न राज्यों के पहनावे, संस्कृति , खान पान आदि को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

## मेरी संस्कृति मेरी पहचान प्रोजेक्ट के तहत ब्रह्मकुमारीज की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

भारत में पारिवारिक रिश्तों को भी बहुत अहमियत दी जाती है। संयुक्त परिवार, मर्यादा, सम्मान, अपनापन, स्नेह, त्याग और आत्मीयता के विभिन्न रंग यही देखने को मिलते हैं। यहां हर रिश्ता अनमोल है और हर बंधन एक उत्सव जिसे सिर्फ निभाया ही नहीं बल्कि जिया भी जाता है। ब्रह्मकुमार मनु भाई ने राजयोग एजूकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के शिपिंग एविएशन एं टूरिज्म विंग के बारे में विस्तार से बताया। ब्रह्माकुमार सुनील भाई ने बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत किया व कुमारी सना ने अपने मनमोहक नृत्य द्वारा सबका दिल जीता। ब्रह्माकुमार राकेश मेहता ने मंच संचालन किया।



अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद बह्मकुमारी बहनें व अन्य।

वरिष्ठ शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने बताया मेरी संस्कृति मेरी पहचान प्रोजेक्ट को लेकर देशभर में विभिन्न राज्यों के पहनावे, संस्कृति , खान पान आदि को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही अलग राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दिवस को भी धूमधाम से मनाया जाता है। इन सभी सेवाओं का उद्देश्य यही है कि भारत की महान संस्कृति को न सिर्फ लोगों तक पहुंचाएं बल्कि उन्हीं प्राचीन परंपराओं के साथ देश को महान बनाएं। देश की इस गरिमामई संस्कृति को फिर से स्थापित करने का कार्य ब्रह्माकुमारी संस्था कर रही है । एक ऐसी संस्कृति जहां हर मानव का चरित्र श्रेष्ठ और उच्च होगा सब मिलकर प्यार और भाईचारे के साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व में भारत अपनी सभ्यता और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है । इसी से प्रभावित होकर दुनिया भर के लाखों लोग हर वर्ष यहां की संस्कृति देखने उसे जानने और अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ सीखने आते हैं । देश में सभी धर्म के लोग आपस में शांति प्रेम से रहते हैं। यह हमारे देश की विशेषता है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां हर धर्म, जाति, वर्ग, संप्रदाय और पथ को मानने वाले लोग एक साथ मिलजुल कर रहते हैं , साथ मिलकर त्यौहार मनाते हैं और एक दूसरे की संस्कृति का सम्मान करते हैं ।

### अग्निवीर योजना के तहत सेना में भर्ती के लिए 8 से पंजीकरण शुरू

**अंबाला।** भर्ती निदेशक कर्नल बीएस बिष्ट ने बताया कि भारतीय सेना अग्निवीर स्कीम के तहत वर्ष 2024-25 के लिए सेना में भर्ती शुरू होने वाली है। 6 जिलों अंबाला, कैथल, कुरूक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकुला और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के पुरूष अभ्यार्थियों तथा दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल एवं चंडीगढ़ की महिला अभ्यार्थियों के लिए पंजीकरण 8 फरवरी 2024 से 21 मार्च 2024 तक होगा। सभी योग्य लाभार्थी वेबसाइट पर पंजीकृत करवा सकते हैं। यह रैली पुरूष वर्ग में अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक/स्टोर कीपर तकनीकी और ट्रेडमैन तथा महिला वर्ग में सेना पुलिस के लिए आयोजित की जाएगी।

### विधायक होकर अपने गांव का नहीं करवा पाए विकास: विनोद शर्मा

# 5वीं तक स्कूल होने पर पूर्व मंत्री शर्मा ने पूर्व विधायक पर कसा तंज





अंबाला। बच्चों को साइकिलें देते पूर्व मंत्री विनोद शर्मा व मौजूद ग्रामीण।

- वर्तमान में युवा विदेश जाने की तरफ अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा की ओर से दूसरे दिन भी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 11वीं और 12वीं के बच्चों को साइकिल वितरित करने का कार्यक्रम जारी रहा। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के गांव मलौर, पंजोला, खुर्चनपुर, लौंटा में बच्चों को साइकिलें वितरित की। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा पूर्व मंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। गांव मलौर में लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि बड़ी चिंता की बात है कि जिस गांव से विधायक रहा हो और वहां पर बच्चों की एजूकेशन की व्यवस्था न हो। उन्होंने कहा कि इस गांव में केवल पांचवीं तक का स्कूल होना इस बात को प्रमाणित करता है तो व्यक्ति गांव का विकास नहीं करवा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवा विदेश जाने की तरफ अग्रसर है। उसका सबसे बड़ा कारण है कि रोजगार नहीं है। 2009 में उन्होंने अंबाला में आईएमटी पारित करवाई थी। कुछ कांग्रेसी नेताओं के विरोध के कारण युवाओं से रोजगार का अधिकार आईएमटी को छीन लिया गया। उन्होंने कहा कि अंबाला में आईएमटी लगवा कर रहेंगे। शर्मा ने कहा कि 2009 में जब वह पहली बार नग्गल से विधायक बने थे तो लोगों को बाढ़ की मार झेलनी पड़ती थी। विधायक बनने के बाद उन्होंने तुरंत यहां पर साइफन बनवाया इसके बाद काफी कम बाढ़ की मार से बच पाए हैं। उन्होंने फिर कहा कि उसने अंबाला को हमेशा अपना परिवार समझा है। कभी भी कोई प्राकृतिक आपदा आई तब अपने परिवार का मुखिया होने के नाते अपना दायित्व निभाया है। भविष्य में भी हमेशा पारिवारिक रिश्ता निभाता रहूंगा। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 11वीं व 12वीं के बच्चों को साइकिल वितरित को लेकर शर्मा ने कहा कि उन्होंने महसूस किया कि एक गांव से दूसरे गांव जाने के लिए बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो बच्चे स्कूल जाना ही छोड़ देते हैं। ये ही कारण है कि बच्चों

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मदन मोहन घेल, सुखचैन सुखी, मलौर से बजिंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, पंजोला से दलविंद्र सिंह, जोगिंद्र सिंह, खुर्चनपुर ज्ञान सिंह, जसविंद्र सिंह, लौंटा से गुरदीप सिंह, अमरजीत सिंह, सुल्लर से जसमीत सिंह टोनी, जगविंद्र नंबरदार, अमरिंद्र राणा, नवजोत शर्मा भी मौजूद रहे।

# नि:शुल्क मेडिकल कैंप में 500 लोग जांचे

- पंडित केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की ओर से आयोजित हुआ शिविर, आयुष्मान कार्ड के साथ पहचान पत्र व ई श्रम कार्ड भी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कैंप के दौरान ग्रामीणों से बातचीत करती मेयर शक्तिरानी शर्मा।

पंडित केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से रविवार को निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप गांव चौड़मस्तपुर के श्री कृष्ण मंदिर में लगाया गया। कैंप में मेयर शक्तिरानी शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की। सर्वप्रथम उन्होंने कैंप में आए डाक्टरों व उनकी टीम का कैंप में आकर अपनी सेवाएं देने के लिए तहेदिल से धन्यवाद किया। शर्मा ने ग्रामीणों का हालचाल जाना व कहा कि जिन भी रोगियों को आंखों के आप्रेशन की जरूरत होगी उनके आप्रेशन बिल्कुल फ्री में करवाए जाएंगे। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड , लिपिड प्रोफाइल व एचबी समेत कई टेस्ट निशुल्क किए गए साथ ही परिवार पहचान पत्र, ई - श्रम कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए। कैंप में 134 लोगों की आंखें जांचीं गई। 49 लोंगो की हड्डियों से संबंधित बीमारियों को जांचा गया। 145 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई। 78 लोगों ने अपने रक्त की जांच करवाई। 15 लोगों के आयुष्मान कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए। 7 लोगों ने अपने परिवार पहचान पत्र भी कैंप में बनवाए। 5 बच्चों ने फस्ट की क्लास के लिए भी अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। रजिस्ट्रेशन के बाद इन बच्चों को फ्री कोचिंग दी जाएगी।

### सेल्समैन से पांच हजार की नकदी छीनकर फरार

- शराब की बोतल लेने के बहाने से आए बदमाश

**अंबाला।** शराब की बोतल खरीदने के बहाने आए बाइक सवार 2 बदमाश ठेका के गल्ले से कैश लेकर फरार हो गए। दोनों युवकों ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। बाइक की नंबर प्लेट भी गायब थी। पड़ाव थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ स्नेचिंग का मुकदमा दर्ज किया है। गांव दुखेड़ी के जसबीर सिंह ने बताया कि वह अपने ही गांव में शराब के ठेका पर 2 साल से सेल्समैन की नौकरी करता है। शनिवार को वह ठेका के बाहर बैठा हुआ था। दोपहर करीब ढाई बजे एक बाइक पर 2 युवक आए। बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी। जसबीर सिंह ने बताया कि दोनों युवकों ने मुंह पर मफलर बांधा हुआ था।



मुलाना। ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक वरुण मुलाना।

### बेरोजगारी, अपराध और नशे की लत में प्रदेश टॉप पर, राज्य सरकार से जनता बेहाल

**मुलाना।** यहां के दशहरा मैदान में 3 फरवरी को आयोजित जन आक्रोश रैली की सफलता के लिए विधायक वरुण चौधरी ने रविवार को गांव अकालगढ़, तलहेड़ी, मनुमाजरा, फोक्सा, अलावलपुर व मलिकपुर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने रैली में ग्रामीणों को ज्यादा संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया। विधायक ने कहा कि प्रदेशवासियों में मौजूदा गठबंधन सरकार की गलत नीतियों के कारण बहुत आक्रोश है। जल्द इस सरकार प्रदेश से हटाने का मन बना चुके हैं। प्रदेश की जनता के उत्साह और समर्थन को देखकर प्रदेश में परिवर्तन निश्चित है। इसे कोई नहीं रोक सकता। लोग बीजेपी-जेजेपी सरकार से तंग आ चुके हैं। गठबंधन सरकार की विकल्प कांग्रेस है यही कारण है कि अब लोगों का रुझान कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है। प्रदेशवासियों ने 2024 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार लाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश विकास से महरूम रहा है।

# लाला लाजपत राय को दी श्रद्धांजलि

- स्वतंत्रता आंदोलन में दिए गए सहयोग का भी किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराडा



बराड़ा। जयंती समारोह में भाग लेते पदाधिकारी एवं सदस्य

अग्रवाल धर्मशाला के परिसर में रविवार को लाला लाजपत राय के 159 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में एक जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इसमें वैश्य समाज के वरिष्ठ सदस्य सुरेंद्र गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सभी ने लाला लाजपत राय जी के देश प्रेम, सामाजिक-आर्थिक सरोकारों एवं बलिदान को स्मरण एवं नमन करते हुए उनके चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन भेंट किए । कार्यक्रम में वैश्य वेलफेयर सोसायटी के प्रधान एडवोकेट अमित गर्ग ने लाला लाजपत राय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लाला जी का जन्म पंजाब के जिला मोगा के डूडके नामक गांव में 28 जनवरी 1865 में वैश्य परिवार में हुआ । जनरल डायर द्वारा जलियां वाले बाग अमृतसर के न्रशंस हत्याकांड में लाठियों के प्रहार को लाला जी ने एक-एक लाठी को अंग्रेजों के साम्राज्य के ताबूत के लिए आखिरी कील बताते हुए अपना अमूल्य जीवन बलिदान कर दिया।लाला जी द्वारा अपने जीवन काल में स्वतंत्रता आंदोलन, सामाजिक-आर्थिक तथा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उनके भागीरथ प्रयास भावी पीढ़ी के लिए सदैव मार्गदर्शन के साथ प्रेरणा का स्त्रोत बने रहेंगे ।

# प्रदेश की बेटियां खुद को कर रही हैं असुरक्षित महसूस

- कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों के जरिए राज्य सरकार पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



कांग्रेसी नेत्री चित्रा सरवारा।

कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रदेश से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की थी अब उसी प्रदेश में ही बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न तो बेटियां सड़क पर सुरक्षित हैं और न ही शिक्षण संस्थानों में। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से बेटियों के साथ उत्पीड़न के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि अपराधियों के सामने इस सरकार ने घुटने टेक दिए हों। सरवारा ने कहा कि खुद सरकार के मंत्री संदीप सिंह पर यौन उत्पीड़न गंभीर के आरोप लगे हैं। सरकार उस पर कार्रवाई करने की बजाए आरोपी का पक्ष ले रही है। एक समय था जब कांग्रेस की हुड्डा सरकार के दौरान अपराधियों का सफाया किया गया था। अपराधियों को प्रदेश छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था। और बेटियां चाहे राजनीति हो, नौकरी हो व पढ़ाई सहित बेटों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम करने सहित हर क्षेत्र में आगे आने लगी थी। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी द्वारा 2022 के लिए जारी नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि साल 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 16,743 मामले सामने आए। यह प्रतिदिन लगभग 45 मामले होंगे। एक साल में, 1,787 बलात्कार के मामले सामने आए, 1,516 लड़कियों सहित 2,640 बच्चे राज्य से लापता हुए। करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में बीते साल दिल्ली के 11 विधायकों का दल चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ सेवाओं की जांच करने पहुंचा था। उस दौरान बीएससी ओटी की छात्राओं ने अपने ओटी मास्टर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। कुरुक्षेत्र के पुंडरी में एक स्टूडेंट ने अपने विभाग के सहायक प्रोफेसर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। रेवाड़ी के राजकीय विद्यालय में 11 अगस्त को छेड़छाड़ के कारण 12वीं की छात्रा ने कक्षा में ही ख़ुदकुशी कर ली थी। इसी तरह उन्होंने कहा कि कैथल में बीते दिसंबर में एक गाँव में प्रधानाचार्य पर छात्राओं ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। चखरी-दादरी में तो एक साल में 3 नाबालिग छात्राओं से शिक्षकों द्वारा छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आई है। चित्रा ने कहा कि क्या सरकार ने इन सभी मामलों में आरोपियों पर कोई कार्रवाई की है। अगर नहीं की तो क्यों नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पा रही है।

# चाकू दिखाकर ज्वेलर की जेब से फोन व दस हजार की नकदी लेकर बदमाश फरार

- अंगूठी लेने के बहाने दुकान में आए थे बदमाश, चांदी के गहने भी लेकर गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नकाबपोश 2 बदमाश ज्वेलर की दुकान पर लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। वारदात डिफेंस कॉलोनी की है। वारदात के बाद पंजोखरा थाना प्रभारी विक्रांत सिंह व सीआईए-2 प्रभारी संदीप सिंह मौके पर पहुंचे।

अंबाला कैंट की डिफेंस कॉलोनी सेक्टर-बी के रमेश कुमार ने बताया कि उसकी श्री राम ज्वेलर्स नाम से दुकान है। दोपहर करीब एक बजे बाइक पर 2 नकाबपोश बदमाश आए। बदमाशों ने उसे चाकू दिखाया। उसके बाद बदमाश दुकान के अंदर रखी कुछ ज्वेलरी, 10 हजार रुपए कैश और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। रमेश के मुताबिक बदमाश बाइक पर आए थे।

बाइक का लास्ट में 9292 नंबर था। आरोपी डिफेंस कॉलोनी से सेना एरिया से होते हुए कैंट की तरफ फरार हो गए। पुलिस अब सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। रमेश ने बताया कि बदमाशों ने कहा कि हमने सोने की अंगूठी लेनी है। उसने कहा कि मेरे पास सोने के बने हुए जेवर नहीं हैं। वह सिर्फ ऑर्डर पर सामान तैयार करता है। इसके बाद दोनों युवक दुकान से बाहर चले गए। एकदम दोनों युवक दोबारा उसकी दुकान में आ गए। इसके बाद बदमाशों ने उसे अंदर धक्का दे दिया। फिर एक बदमाश ने उसे चाकू दिखाया।

दूसरे ने उसकी जेब से वन प्लस का मोबाइल, करीब 9-10 हजार रुपए, गल्ले से पैसे निकाल लिए। बदमाश काउंटर में रखी चांदी की करीब सात जोड़ी पायल, चांदी का अन्य सामान, तिजोरी से चांदी व सोने के जेवरात निकालकर फरार हो गए। उसने बताया कि जाते हुए बदमाश उसे दुकान में बंद कर शीशा के गेट पर ताला लगा भाग गए।

### महिलाओं के साथ दूसरे लोग भी शौचालय साफ न होने से नाराज

# नगरपालिका व बीडीपीओ ऑफिस के शौचालय बदहाल

- कई शौचालयों के बाहर व अंदर फैली गंदगी के कारण लोग इनका प्रयोग करना तो दूर उनके पास भी जाने से कतराते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सार्वजनिक शौचालयों की हालत बेहद खस्ता है। इन शौचालयों में कभी प्रशासन की ओर से सफाई अभियान नहीं चलाया जाता। कई शौचालयों के बाहर व अंदर फैली गंदगी के कारण लोग इनका प्रयोग करना तो दूर उनके पास भी जाने से कतराते हैं। कस्बे की अगर बात करे तो यहां पर नगरपालिका व



बराड़ा। नपा कार्यालय में बने शौचालय के भीतर फैली गंदगी का आलम।

बीडीपीओ कार्यालय के प्रांगण में बने शौचालयों की स्थिति रख-रखाव के अभाव में दयनीय हुई पड़ी है। जांच करने पर पता चला कि शौचालयों में पानी नहीं है। शौचालयों में चारों ओर गंदगी का आलम है। इसके कारण लाखों की लागत से बने शौचालयों का कोई भी लाभ यहां पर आने वाले लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इन शौचालयों में लगी टायॅलेट सीट जहां गंदगी से अटी पड़ी हैं। शौचालय के भीतर ईट, मिट्टी भी पड़ी हुई थी। ऐसे में केंद्र व प्रदेश सरकार का खुले में शौच मुक्त भारत का सपना कैसे साकार होगा। नगरपालिका व खंड पंचायत एवं विकास अधिकारी के कार्यालय में बने शौचालयों में हर ओर गंदगी की भरमार है। शौचालय में लगाए गए वॉशबेसिन में टोंटियां तक गायब हैं। शौचालय की सीट व बाथरूम में गंदगी भरी मिली। ऐसे में लाखों की लागत से बनाया गया यह शौचालय किसी के भी काम नहीं आ रहा है। नपा के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है।

आमजन की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है लेकिन नियमित सफाई नहीं होने से इस शौचालय की हालत दयनीय बनी हुई है। जबकि उक्त शौचालय का प्रयोग प्रतिदिन आसपास के दुकानदार के साथ नगर पालिका व बीडीपीओ कार्यालय में आने वाले सैकड़ों लोग करते हैं। शौचालयों के दयनीय हालत के चलते सबसे अधिक परेशानी कार्यालयों में आने वाली महिलाओं को उठानी पड़ रही है।